
# 6. पेड़–पौधे और हमारा जीवन (Plants and Our Lives)



हमारा जीवन पेड़–पौधों पर आधारित है। इनके अभाव में जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। हम जिस हवा में साँस लेते हैं, वह हमें पेड़–पौधों से ही मिलती है। पेड़–पौधे हमारे द्वारा छोड़ी गई कार्बन डाई ऑक्साइड को ग्रहण करते हैं।

पेड़–पौधों से हमें अनाज, फल, सब्ज़ियाँ आदि प्राप्त होती है। पेड़–पौधों से हमें ईंधन की लकड़ी एवं घरों को बनाने के लिए इमारती लकड़ी मिलती है। फर्नीचर की लकड़ी भी हमें पेड़ों से मिलती है। रंग–बिरंगे एवं सुगंधित फूल और औषधियाँ भी हमें पेड़–पौधों से ही मिलती हैं।

कई उद्योग भी पेड़–पौधों पर आधारित हैं। जैसे – कागज़ उद्योग, चीनी उद्योग, वस्त्र उद्योग, पटसन एवं जूट उद्योग आदि।

पेड़–पौधों से हमें अनेक ऐसे लाभ हैं जिनको हम देख नहीं सकते केवल अनुभव कर सकते हैं। पेड़–पौधे हमारे वातावरण को शुद्ध रखते हैं। वर्षा में सहायक होते हैं तथा तेज़ हवाओं को रोकते हैं। वृक्षों के महत्त्व को देखते हुए हमारे देश में पीपल, बरगद, नीम, तुलसी और केला जैसे अनेक वृक्षों की पूजा होती है।

हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए एवं वृक्षों को काटने से बचाना चाहिए। पेड़–पौधों का संरक्षण करना हमारा पावन कर्त्तव्य है। इसी में मानव जाति का कल्याण भी है।

> "सदा पेड़-पौधों की रक्षा करें, उन्हें जीवंत बनाएँ।
> यही आज कर्त्तव्य हमारा, सब मिल पर्यावरण बचाएँ।।"